समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# जापान-साउथ कोरिया पर ट्रंप का 25% टैरिफ हमला, गिरा अमेरिकी शेयर बाजार, डाउ जोन्स-नैस्डेक मे भारी गिरावट।

Publisher

Published on 08 Jul 2025



## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ ऐलान से वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ा, होंडा-टोयोटा के शेयरों मे 4% गिरावट, गूगल और एपल को भी झटका।

**Share Market Update:** अमेरिका के राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** ने **जापान** और **दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ** लगाने का ऐलान किया है, जिससे **वैश्विक बाजारों** में हड़कंप मच गया है। **अमेरिकी शेयर बाजार** में तेज गिरावट दर्ज हुई है और **ट्रेड वॉर** की आशंका फिर से गहराने लगी है। अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** ने सोमवार को कहा कि **जापान** और **दक्षिण कोरिया के ऊपर 25 प्रतिशत का नया टैरिफ** लगाया जाएगा। यह **टैरिफ 1 अगस्त 2025** से प्रभावी होगा। **ट्रंप** ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई देश जवाबी टैरिफ लगाता है तो अमेरिका भी उसी अनुपात में पलटवार करेगा।

इस ऐलान के बाद **अमेरिकी शेयर बाजारों** में भारी गिरावट देखी गई। **डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.2 प्रतिशत (करीब 525 अंक)** टूट गया, जबकि **नैस्डेक कंपोजिट मे 1 प्रतिशत और एसएंडपी 500 मे 0.9 प्रतिशत** की गिरावट आई।

**ट्रंप** के ऐलान का असर सिर्फ अमेरिकी कंपनियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एशियाई कंपनियों पर भी पड़ा। **होंडा मोटर** और **टोयोटा मोटर** के **शेयर 4 प्रतिशत** तक गिर गए। वहीं **अमेरिकी दिग्गज कंपनियों गूगल** (अल्फाबेट इंक) और **एपल के स्टॉक्स मे भी 1 प्रतिशत** तक गिरावट दर्ज की गई। **Nvidia** और **AMD** जैसी तकनीकी कंपनियों के शेयरों में भी कमजोरी आई है।

### ब्रिक्स देशों पर भी दबाव बढ़ा

ट्रंप ने इसके साथ ही ब्रिक्स समूह के देशों पर **10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ** लगाने की धमकी दी। ब्रिक्स देशों ने हाल ही में

**ब्राजील** में आयोजित सम्मेलन के दौरान **अमेरिकी टैरिफ** नीतियों की आलोचना की थी, जिसके बाद ट्रंप ने यह कड़ा रुख अपनाया है।

ब्रिक्स में **ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका** शामिल हैं। इसके अलावा, विस्तार के बाद **इंडोनेशिया, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान और यूएई** जैसे देशों को भी सदस्यता दी गई है। ट्रंप के मुताबिक अमेरिका के खिलाफ खड़े देशों को इसका आर्थिक खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### भारत के साथ मिनी ट्रेड डील के संकेत

**ट्रंप** ने इस मौके पर भारत के साथ जल्द ही एक **मिनी ट्रेड** डील की संभावना भी जताई है, जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नया आयाम दे सकती है। हालांकि, **भारत का ब्रिक्स सदस्य** होने के कारण उस पर भी **अतिरिक्त टैरिफ** की आशंका बनी हुई है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.